हिमाचल प्रदेश सरकार
राज्य कर एवं आबकारी विभाग

संख्याः ई0एक्स0एन0–एफ(1)–3/2025–     तारीख, शिमला–2     21 अप्रैल, 2025

अधिसूचना

हिमाचल प्रदेश पथकर अधिनियम, 1975 (1975 का अधिनियम संख्यांक 9) से संलग्न अनुसूची–1 में संशोधन हेतु प्रारूप को उपर्युक्त अधिनियम की धारा 3 के अनुसरण में इससे सम्भाव्य प्रभावित होने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करने के लिए, सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या ई0एक्स0एन0–एफ(1)–3/2025 दिनांक 06.03.2025 को, राजपत्र (ई–गज़ट), हिमाचल प्रदेश तारीख 06–03–2024 में प्रकाशित किया गया था परन्तु नियम अवधि के भीतर इस बाबत कोई आक्षेप/सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं।

अतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश पथकर अधिनियम, 1975 (1975 का अधिनियम संख्यांक 9) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपर्युक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची–। को प्रथम अप्रैल, 2025 से निम्न प्रकार से प्रतिस्थापित करते हैं:–

अनुसूची–1
(धारा 3 देखें)

| क्रम संख्या | वाहनों की विशिष्टियां | प्रतिदिन या उसके भाग के पथकर की दर | प्रति तिमाही या उसके भाग के पथकर की दर | प्रतिवर्ष या उसके भाग के पथकर की दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | भारी मालवाहक वाहन<br>वाहन जिनकी लदान क्षमता<br>(क) 250 क्विंटल से अधिक | 720 रू0 | स्तम्भ (3) में यथा विनिर्दिष्ट दर का तीस गुना । | स्तम्भ (4) में यथा विनिर्दिष्ट दर का चार गुना |
| | (ख) 120 क्विंटल से अधिक व 250 क्विंटल तक | 570 रू0 | यथोपरि | यथोपरि |
| | (ग) 90 क्विंटल से अधिक व 120 क्विंटल तक | 320 रू0 | यथोपरि | यथोपरि |
| | (घ) 20 क्विंटल से 90 क्विंटल तक | 170 रू0 | यथोपरि | यथोपरि |
| 2 | छोटे माल–वाहन जिनकी लदान क्षमता 20 क्विंटल से कम हो (हिमाचल प्रदेश में मोटर वाहन अधिनियम के अधीन पंजीकृत यानों को लागू नहीं) | 130 रू0 | यथोपरि | यथोपरि |
| 3 | यात्री वाहन में बैठने की क्षमताः 12 यात्रियों से अधिक | 180 रू0 | यथोपरि | यथोपरि |

Addl. CST & E (HQ./GST/Excise/IT/A.Tax./TAU/LTPU)
Jt. CST & E (HQ./GST/Excise/IT/A.Tax/TAU/EIU/Legal)
Dy. CST & E (HQ./GST/IT/EIU/Excise/LTPU/Legal/A.Tax)
Dy. / Asstt. Controller (F&A)
Supdt. Grade-I/ P.I.O./NODAL OFFICER
PS/PA/Rea
Commissi State Tax & Excise,
Himacha
State Taxes and Excise Deptt
8856
24 APR 2025
Shimla

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | यात्री–वाहन (निजी वाहन सहित)(i) बैठने की क्षमताः 6–12 यात्रियों तक (चालक सहित)(हिमाचल प्रदेश में मोटर वाहन अधिनियम के अधीन पंजीकृत यानों को लागू नहीं) | 110 रू0 | यथोपरि | यथोपरि |
| | ( ii) अन्य हल्के मोटर वाहन जोकि सार्वजनिक वाहक अथवा निजी वाहन के रूप में पंजीकृत हों : बैठने की क्षमता : 5 यात्रियों तक (चालक सहित) (हिमाचल प्रदेश में मोटर वाहन अधिनियम के अधीन पंजीकृत यानों को लागू नहीं) | 70 रू0 | स्तम्भ (3) में यथा विनिर्दिष्ट दर का 30 गुना । | स्तम्भ (3) में यथा विनिर्दिष्ट दर का 100 गुना । |
| | (iii ) टोल बैरियर के 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले निजी पंजीकृत वाहन के मालिक (हिमाचल प्रदेश में मोटर वाहन अधिनियम के अधीन पंजीकृत यानों को लागू नहीं) | 70 रू0 | 200 रू0 | 400 रू0 |
| 5 | सार्वजनिक वाहक या प्राईवेट वाहक अनुज्ञा पत्र सहित चलने वाले ट्रैक्टर (हिमाचल प्रदेश में मोटर वाहन अधिनियम के अधीन पंजीकृत यानों को लागू नहीं) | 70 रू0 | यथोपरि | यथोपरि |
| 6 | मोटर रिक्शा और स्कूटर रिक्शा (हिमाचल प्रदेश में मोटर वाहन अधिनियम के अधीन पंजीकृत यानों को लागू नहीं) | 30 रू0 | स्तम्भ (3) में यथा विनिर्दिष्ट दर का 30 गुना । | स्तम्भ (3) में यथा विनिर्दिष्ट दर का 100 गुना । |

आदेश द्वारा
प्रधान सचिव (राज्य कर एवं आबकारी)
हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2

पृष्ठांकन संख्याः ई0एक्स0एन0–एफ(1)–3 / 2025 तारीखः शिमला–2 21/04/2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतुः–

1 आयुक्त, राज्य कर एंव आबकारी विभाग हिमाचल प्रदेश, कसुम्पटी शिमला–9।

2 गार्ड नस्ति / अतिरिक्त प्रतियां।

(हरबंस सिंह ब्रसकोन)
विशेष सचिव (राज्य कर एवं आबकारी)
हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2